Title: Need to lay the Aligarh-Palwal-Alwar rail line for the development of Mewat region.

श्री अवतार सिंह भडाना (फरीदाबाद) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे निर्वाचन क्षेत्र फरीदाबाद में मेवात के लोग बहुत लम्बे अरसे से वाया मेवात, अलीगढ़-पलवल-अलवर रेल लाइन बिछाने, पलवल स्टेशन को जंक्शन बनाने और ओल्ड फरीदाबाद क्रांसिग पर अंडरपास बनाने की मांग करते आ रहे हैं। करीब 25 साल पहले रहीमपुर ब्रिज के उद्घाटन के मौके पर स्व0 प्रधानमंत्री श्री मोरार जी देसाई ने, 1989 में श्री ब्रंसीलाल ने और फिर 1997 में मेवात दौरे के दौरान नूह में श्री देवेगौड़ा ने जनता से इस रेल लाइन को बिछाने का वादा किया था। इसके लिए 13 साल पहले सर्वे भी हुआ था। खुद मैंने 1991 में संसद में इस लाइन को बिछाने का मुद्दा उठाया था। मगर यह लाइन अब तक नहीं बनी। फरीदाबाद का मेवात क्षेत्र दिल्ली के बेहद करीब होने के बावजूद बहुत ही पिछड़ा हुआ है। वहां ढंग की सड़क तक नहीं है। इस रेल लाइन के बिछने से मेवात क्षेत्र का तेजी से आर्थिक विकास हो सकेगा।

अतः मेरा रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि वे मेवाती जनता की इन तीनों मांगों को पूरा करने के लिए रेल मंत्रालय को शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दें।